

जुलाई–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध









दिनांक 12.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा नवनिर्मित पुलिस मुख्यालय पर प्रदेश के जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ चार सत्रों में सम्पन्न बैठकों में श्री मोहसिन रजा, राज्यमंत्री, श्री बृज लाल, अध्यक्ष, उ.प्र. एससी/एसटी आयोग/पूर्व पुलिस महानिदेशक, श्री सुलखान सिंह, अध्यक्ष, पुलिस सुधार आयोग/पूर्व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं सुनीता ऐरन, सम्पादक, हिन्दुस्तान टाइम्स उपस्थित रहीं। बैठक में अतिथि वक्ताओं ने एससी/एसटी अपराधों के सम्बन्ध में सरकार के आर्थिक सहायता प्राविधानों का पालन, घटनास्थल पर पहुँच कर संवेदनशीलतापूर्ण त्वरित कार्यवाही, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, अफवाहों पर नियंत्रण, अल्पसंख्यक समुदाय के सम्भ्रांत व्यक्तियों से सम्पर्क, आमजन से सीधा संवाद, अधीनस्थों से अच्छा तालमेल, त्वरित शिकायत दर्ज करने, पीड़ित को परेशान न करने, महिला अपराध रोकने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने व अपराधों को रोकने हेतु सिविल सोसाइटी (ग्राम प्रधान, सेवानिवृत्त अधिकारी इत्यादि) को जागरुक करते हुए सहयोग लेने, ग्रामीण क्षेत्रों की हेल्पलाइन को और अधिक सक्रिय करने, अपराध पर त्वरित रिस्पांस, सुनसान स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था, महिलाओं से नियमित संवाद स्थापित करने, पुलिस का परसेप्शन ठीक करने, समय से एफआईआर पंजीकृत करने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कदम उठाने, एक समान रुप से स्थानान्तरण नीति लागू करने, इत्यादि पर बल दिया गया।

श्री ओ.पी. सिंह ने महिला अपराधों में तत्काल अभियोग पंजीकृत करने, घटना की सूचना पर तुरन्त मौके पर पहुँच कर त्वरित कार्यवाही करने, अच्छे थाना प्रभारियों का चयन करने, प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने, व्यवहार अच्छा रखने, छोटी–छोटी गलतियों का भी ध्यान रखने, गुणवत्तापरक विवेचना सुनिश्चित करने, शिकायती प्रार्थना–पत्रों में न्यायोचित कार्यवाही करने, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा विवेचना का सघन पर्यवेक्षण करने, संवेदनशील बनने, आदि निर्देश दिये।




दिनांक 03.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ से 'वर्चुअल क्लास रुम' द्वारा 25,000 रिक्रूट आरक्षी नागरिक पुलिस व पीएसी के 06 माह के आधारभूत प्रशिक्षण सत्र–2019 का शुभारम्भ किया। श्री गोपाल गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण ने श्री ओ.पी. सिंह का स्वागत किया व प्रशिक्षण की रुपरेखा/पाठ्यक्रम से अवगत कराया। श्री ओ.पी. सिंह ने बताया कि प्रदेश के 31 केन्द्रों के वर्चुअल क्लास रुम से 47 प्रशिक्षण केन्द्र तथा फेसबुक लाइव के माध्यम से शेष 47 प्रशिक्षण केन्द्र (उ.प्र. के 35 तथा केन्द्रीय संस्थानों के 12 केन्द्र) जुड़े हैं। कुल 94 प्रशिक्षण केन्द्रों (82 उ.प्र. के एवं 12 केन्द्रीय संगठनों के) में बाह्य एवं आन्तरिक कक्षाओं में सभी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। नवनिर्मित पीटीएस, सुल्तानपुर तथा जालौन में प्रथम बार प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। 1561 पुलिस अधिकारी प्रशिक्षक बल के रूप में तैनात किये गये हैं। वर्चुअल क्लास रुम में प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षक आपस में Text, Audio & Video द्वारा संवाद करते हैं।

## जन कल्याण सेवाएँ

● दिनांक 10.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम के सम्बन्ध में जनपदीय नोडल अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में श्री एस. शंकर, निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के प्रतिनिधि (निदेशक, बी.पी.आर.एण्डडी., नई दिल्ली), श्री चन्द्र विजय सिंह, विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा, अनुभाग–1 (नोडल अधिकारी उ.प्र. शासन), श्री आनन्द कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग अनुभाग–1 (नोडल अधिकारी, उ.प्र. शासन) व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 8 तथा 9 के छात्रों को डिजास्टर मैनेजमेंट, यातायात नियंत्रण आदि के बारे में जागरुक बनाना था। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों के 2612 चयनित सरकारी विद्यालयों में चलाया जाना है। कार्यक्रम के सुचारु सम्पादन हेतु प्रमुख सचिव (गृह), उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य अनुश्रवण समिति में पुलिस महानिदेशक (सदस्य) व राज्य नोडल अधिकारी (सदस्य सचिव), वर्तमान में श्री अमिताभ ठाकुर पुलिस महानिरीक्षक, नागरिक सुरक्षा हैं। प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति में जिले के पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (जनपदीय पुलिस नोडल अधिकारी) शामिल हैं। थाना स्तर पर एस.पी.सी. के नोडल अधिकारी भी होंगे जो समन्वय कार्य करेंगे।




## तकनीकी उन्नयन

### साइबर प्रशिक्षण सुविधाओं का उद्घाटन

● दिनांक 04.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उप्र. ने यूपी 100 मुख्यालय पर केन्द्र सरकार की Cyber Crime Prevention Against Women and Children योजना के अन्तर्गत निर्मित साइबर फॉरेंसिक लैब व आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष का उद्घाटन किया। फॉरेंसिक लैब में मोबाईल फॉरेंसिक एवं डिस्क फॉरेंसिक तथा साइबर क्राइम से सम्बन्धित सभी अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर अधिष्ठापित किये गये हैं। प्रशिक्षण हेतु 25 साइबर फॉरेंसिक वर्क स्टेशन स्थापित किये गये हैं। आगामी 02 वर्षों में लगभग 1540 पुलिसकर्मियों को साइबर अवेयरनेस प्रशिक्षण, पंजीकृत साइबर अपराधों की विवेचना हेतु 950 विवेचकों को प्रशिक्षण तथा 1200 न्यायिक अधिकारियों एवं अभियोजन अधिकारियों को भी साइबर अपराध के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किये जाने की योजना है। श्री ओ.पी. सिंह ने अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में साइबर क्राइम की अलग शाखा निकट भविष्य में सृजित करने हेतु आश्वस्त किया तथा साइबर क्राइम की रोकथाम हेतु स्कूल तथा कॉलेजों में भी एक विशेष टीम गठित कर प्रशिक्षण अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया। श्री सिंह ने साइबर क्राइम एवं उसके प्रकार, फायनेंन्शियल फ्राड, प्रदेश में पंजीकृत साइबर क्राइम आँकड़े आदि से भी अवगत कराया। गौतमबुद्धनगर में सी.एस.आर. के तहत साइबर ट्रेनिंग सेन्टर की स्थापना, फॉरेंसिक लैब व साइबर रिसर्च विंग के विषय में भी जानकारी दी। आमजन की सुविधा हेतु UP कॉप एप पर साइबर सम्बन्धी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने की व्यवस्था पूर्व से उपलब्ध है।



## बधाई सन्देश

● दिनांक 10.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व पुलिस टीम को पत्रकार प्रेस परिषद की राष्ट्रीय एवं प्रदेश इकाई की ओर से प्रदेश प्रभारी, उ.प्र. ने लोकसभा निर्वाचन 2019 सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बधाई सन्देश दिया।

## सराहनीय कार्य

● दिनांक 30.06.2019 : गाज़ियाबाद में 1 चोर गिरफ्तार, चोरी के रु. 9,20,000.00 बरामद।

● दिनांक 28.06.2019 : वाराणसी में लुटेरा गिरफ्तार, लूट के रु. 3,70,000.00 नकद बरामद।

● दिनांक 27.06.2019 : गोरखपुर में चौरी चौरा चोरी में बैंक कैशियर व 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के रु. 3,42,590.00 नकद बरामद।

● दिनांक 25.06.2019 : अलीगढ़ में 4 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट/डकैती के रु. 4 लाख के आभूषण, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 24.06.2019 : जालौन में अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के रु. 6 लाख के जेवर बरामद।

● दिनांक 23.06.2019 : सीतापुर में अभियुक्त गिरफ्तार, एटीएम चोरी के रु. 6,65,000.00 नकद बरामद।

● दिनांक 23.06.2019 : गौतमबुद्धनगर से रु. 25,000.00 का इनामी मय साथी, लूट के रु. 8,50,000.00 नकद एवं 5 अभियुक्त मय लूट के रु. 5,07,000.00 नकद, आग्नेयास्त्र, गिरफ्तार।

● दिनांक 19.06.2019 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन, वाराणसी इकाई ने रु. 10,000.00 रिश्वत लेते हुए जेल हेड वार्डर, जिला कारागार, गाजीपुर को गिरफ्तार किया।

● दिनांक 19.06.2019 : फतेहपुर में 5 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी/टप्पेबाजी द्वारा हड़पे सोने के आभूषण 41.75 ग्राम, चांदी के आभूषण, नकदी, वाहन, फोन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 18.06.2019 : कासगंज से अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का कैन्टर, 530 कम्प्रैसर व आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 17.06.2019 : गौतमबुद्धनगर से रु. 25,000.00 का इनामी सहित 4 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के रु. 12,10,000.00 नकद, लूट की रकम से क्रय ईको टैम्पो, लूट की 1 कार मय आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 17.06.2019 : सहारनपुर में लूट का अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के रु. 23,87,590.00 नकद बरामद।

● दिनांक 16.06.2019 : गोरखपुर में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की लगभग रु. 48 लाख की 16 टन सुपारी, वाहन, आदि बरामद।

● दिनांक 11.06.2019 : सहारनपुर में 4 चोर मय चोरी के रु. 41,26,000.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि गिरफ्तार।

● दिनांक 07.06.2019 : प्रयागराज से चोरी के रु. 5,04,400.00 नकद, चाँदी के सिक्के/बिस्कुट, सोने की अंगूठी आदि के साथ अपराधी गिरफ्तार।

● दिनांक 06.06.2019 : बुलन्दशहर में 3 अभियुक्त गिरफ्तार, लगभग रु. 80 लाख की लूट की दवाईयाँ व रु. 28 लाख का ट्रक बरामद।

● दिनांक 05.06.2019 : वर्ष 2018 की भाँति ईद उल–फ़ित्र बिना किसी अप्रिय घटना के शान्तिपूर्वक सकुशल सम्पन्न।

● दिनांक 03.06.2019 : भदोही से 3 अभियुक्त रु. 10 लाख के वनस्पति घी, इत्यादि; फतेहगढ़ से 5 अभियुक्त लूट के लगभग रु. 4 लाख के आभूषण, घरेलू सामान सहित; गौतमबुद्धनगर से 3 लुटेरे लूट के रु. 4,10,000.00 नकद सहित व चन्दौली से 3 अभियुक्त, चोरी के रु. 5 लाख के आभूषण, आदि सहित गिरफ्तार।

● दिनांक 01.06.2019 : गाज़ियाबाद 15 ठग गिरफ्तार, रु. 6,30,000.00 नकद, 36 मोबाइल फोन, 28 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 09 आधार कार्ड, 07 पैन कार्ड, 04 वोटर कार्ड, चेकबुक व पासबुक, आदि बरामद।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

● दिनांक 07.06.2019 : 9 वर्ष से फरार एवं रु. 25,000.00 का इनामी अपराधी नागपुर से गिरफ्तार।

● दिनांक 01.06.2019 : आई.बी. द्वारा लुक आउट सर्कुलर जारी, वांछित अभियुक्त लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार।

### एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,25,000.00 | | | इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | |
| | | | 07.06.19 | बागपत | 01 |
| 24.06.19 | मुज़फ्फरनगर | 01मृत्यु | 06.06.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| | | | 17.06.19 | गोरखपुर | 01 |
| 26.06.19 | मेरठ | 01 | 08.06.19 | सीतापुर | 01 |
| 24.06.19 | लखनऊ | 01 | 08.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 17.06.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 31.05.19 | हरदोई | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 05.06.19 | लखनऊ | 01 |

● दिनांक 27.06.2019 : सरकारी विभागों में स्थायी व संविदा पर नौकरी देने के नाम पर सैकड़ों

बेरोजगारों से करोड़ों रुपये की ठगी गिरोह के सरगना सहित चार अभियुक्त मय फर्जी दस्तावेज संतकबीरनगर से गिरफ्तार।

- दिनांक 24.06.2019 : फरार हत्यारोपी सुल्तानपुर से गिरफ्तार। एब्लेज प्रकरण, नोएडा से सम्बन्धित प्रमोटर गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।
- दिनांक 15.06.2019 : दिनांक 10.06.2019 को लखनऊ की महिला डॉक्टर/समाजसेविका से समाजसेवा में सहयोग के नाम पर भ्रमित कर करोड़ों रुपये की ठगी में 2 अभियुक्तगण अमरा चुकबू रोलैण्ड व होर्मी केसी एस.टी.एफ. साइबर क्राइम थाना लखनऊ व फील्ड इकाई गौतमबुद्धनगर द्वारा गिरफ्तार।

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 15.06.19 | कानपुर नगर | 20000 ली. स्प्रिट | –– | –– | 04 |

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | इनाम (रु.) : 75,000.00 | | |
| 16.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 28.06.19 | बाराबंकी | 01मृत्यु |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| | | | 17.06.19 | बलरामपुर | 01 |
| 30.06.19 | बुलन्दशहर | 01 | 12.06.19 | आजमगढ़ | 01 |
| 27.06.19 | हमीरपुर | 01 | 06.06.19 | आजमगढ़ | 01 |
| इनाम (रु.) : 45,000.00 | | | | | |
| | | | 11.06.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| | | | 19.06.19 | झाँसी | 01 |
| 30.06.19 | बरेली | 01 | 18.06.19 | हरदोई | 01 |
| 30.06.19 | कानपुरनगर | 01 | 18.06.19 | झाँसी | 01 |
| 29.06.19 | आगरा | 01 | 18.06.19 | गाज़ियाबाद | 02 |
| 29.06.19 | संतकबीरनगर | 01 | 17.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 28.06.19 | गाजीपुर | 01 | 16.06.19 | प्रयागराज | 01 |
| 28.06.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 15.06.19 | रायबरेली | 04 |
| 28.06.19 | मथुरा | 01 | 14.06.19 | मथुरा | 02 |
| 28.06.19 | बाराबंकी | 01मृत्यु | 12.06.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 26.06.19 | मेरठ | 01 | 11.06.19 | बुलन्दशहर | 02 |
| 26.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 11.06.19 | गोरखपुर | 01 |
| 26.06.19 | बुलन्दशहर | 01 | 09.06.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 25.06.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 08.06.19 | सुल्तानपुर | 01 |
| 25.06.19 | आजमगढ़ | 01 | 07.06.19 | सहारनपुर | 01 |
| 25.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 07.06.19 | प्रयागराज | 01 |
| 25.06.19 | मेरठ | 01 | 07.06.19 | झाँसी | 01 |
| 25.06.19 | कानपुरनगर | 01 | 07.06.19 | रायबरेली | 02 |
| 24.06.19 | गोरखपुर | 01 | 06.06.19 | बदायूँ | 01 |
| 24.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 | 06.06.19 | प्रयागराज | 04 |
| 24.06.19 | प्रयागराज | 02 | 06.06.19 | बाराबंकी | 01 |
| 23.06.19 | महराजगंज | 01 | 06.06.19 | फिरोज़ाबाद | 01 |
| 23.06.19 | मेरठ | 01 | 06.06.19 | रायबरेली | 01 |
| 23.06.19 | बुलन्दशहर | 01 | 06.06.19 | कानपुरनगर | 03 |
| 23.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 06.06.19 | आजमगढ़ | 01 |
| 22.06.19 | बागपत | 01 | 05.06.19 | अमरोहा | 01 |
| 22.06.19 | आजमगढ़ | 01 | 04.06.19 | मेरठ | 01 |
| 22.06.19 | शामली | 01 | 03.06.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 21.06.19 | मथुरा | 01 | 02.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 03 |
| 20.06.19 | मेरठ | 02 | 02.06.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 19.06.19 | शामली | 01 | 02.06.19 | रायबरेली | 02 |
| 19.06.19 | प्रयागराज | 02 | 01.06.19 | गोण्डा | 01 |
| 19.06.19 | हापुड़ | 02 | 01.06.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 22.06.19 | जौनपुर | 01 |
| 29.06.19 | कौशाम्बी | 01 | 18.06.19 | एटा | 01 |
| 29.06.19 | शामली | 02 | 04.06.19 | प्रयागराज | 01 |
| 26.06.19 | मेरठ | 01 | 04.06.19 | जौनपुर | 01 |
| 24.06.19 | हरदोई | 01 | 01.06.19 | बागपत | 01 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| 28.06.19 | चन्दौली | 01 | 18.06.19 | गाजीपुर | 02 |
| 26.06.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 14.06.19 | संतकबीरनगर | 04 |
| 26.06.19 | अम्बेडकरनगर | 01 | 11.06.19 | बागपत | 01 |
| 23.06.19 | मथुरा | 02 | 05.06.19 | बलिया | 01 |
| 22.06.19 | अमरोहा | 01 | 04.06.19 | अम्बेडकरनगर | 02 |
| 21.06.19 | बागपत | 01 | 03.06.19 | एटा | 02 |
| 19.06.19 | बागपत | 01 | 31.05.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| 13.06.19 | अलीगढ़ | 01 | 10.06.19 | पीलीभीत | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 30.06.19 | एटा | 198 | –– | 14 लाख | 01 |
| 28.06.19 | बलरामपुर | 254 | –– | 17 लाख | 01 |
| 28.06.19 | वाराणसी | 446 | –– | 48 लाख | 02 |
| 28.06.19 | शामली | 700 | –– | 45 लाख | 02 |
| 28.06.19 | कुशीनगर | 500 | –– | 18 लाख | 02 |
| 24.06.19 | एटा | 1186 | –– | 45 लाख | 01 |
| 24.06.19 | मथुरा | –– | 50कि.ग्रा.गाँजा | 5 लाख | 02 |
| 23.06.19 | मथुरा | 808 | –– | 56 लाख | 12 |
| 24.06.19 | शामली | 300 | –– | 20 लाख | 01 |
| 23.06.19 | सोनभद्र | –– | 100 ग्रा. हेरोईन | 10 लाख | 01 |
| 23.06.19 | महराजगंज | –– | 1.5कि.ग्रा. चरस | –– | 01 |
| 22.06.19 | मथुरा | 1078 | –– | 25 लाख | 02 |
| 22.06.19 | सोनभद्र | –– | 289ग्रा. हेरोईन | 29 लाख | 10 |
| 21.06.19 | गोरखपुर | –– | 730ग्रा. चरस | –– | 01 |
| 20.06.19 | फिरोज़ाबाद | 90 | –– | 06 लाख | 03 |
| 20.06.19 | गौतमबुद्धनगर | –– | 745ग्रा. हेरोईन | –– | 03 |
| 19.06.19 | मथुरा | 210 | –– | 11 लाख | 03 |
| 19.06.19 | एटा | 1720 | –– | 60 लाख | 04 |
| 17.06.19 | बलिया | –– | 500ग्रा. हेरोईन | 50 लाख | 02 |
| 17.06.19 | कुशीनगर | 720 | –– | 40 लाख | 02 |
| 17.06.19 | चन्दौली | 158ली. | –– | –– | 05 |
| 17.06.19 | वाराणसी | 460 | –– | 50 लाख | 02 |
| 16.06.19 | मथुरा | 500 | –– | 23 लाख | 01 |
| 14.06.19 | एटा | 175 | –– | 14 लाख | 02 |
| 14.06.19 | कुशीनगर | 840 | –– | 40 लाख | 01 |
| 13.06.19 | मुज़फ्फरनगर | –– | 750ग्रा. चरस | –– | 01 |
| 13.06.19 | गाजीपुर | –– | 650ग्रा. हेरोईन | 65 लाख | 03 |
| 10.06.19 | वाराणसी | 180 | –– | 15 लाख | 02 |
| 10.06.19 | मथुरा | 400 | –– | 20 लाख | 06 |
| 09.06.19 | गाज़ियाबाद | –– | 103कि.ग्रा. गाँजा | 10.3लाख | 01 |
| 09.06.19 | प्रतापगढ़ | 328 | –– | 20 लाख | 02 |
| 09.06.19 | एटा | 2000ली. | –– | –– | 03 |
| 08.06.19 | बलिया | –– | 60कि.ग्रा.गाँजा | 48 लाख | 02 |
| 07.06.19 | मथुरा | 2148 | –– | 90 लाख | 06 |
| 06.06.19 | आजमगढ़ | 192 | –– | 10 लाख | 06 |
| 05.06.19 | प्रयागराज | 910 | –– | 26 लाख | 05 |
| 05.06.19 | इटावा | 650 | –– | 25 लाख | 04 |
| 04.06.19 | प्रयागराज | 1000 | –– | –– | 02 |
| 03.06.19 | कुशीनगर | 603 | –– | 30 लाख | 02 |
| 03.06.19 | सोनभद्र | 800 | –– | 27 लाख | 01 |
| 02.06.19 | मथुरा | 996 | –– | 40 लाख | 01 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद बस्ती, बुलन्दशहर, झाँसी, प्रयागराज, गाज़ियाबाद, शामली, श्रावस्ती, जौनपुर, चन्दौली, कासगंज, गौतमबुद्धनगर, फतेहगढ़, प्रतापगढ़, भदोही, कन्नौज, हाथरस, खीरी, आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, कानपुर नगर, देवरिया, मेरठ, वाराणसी, सहारनपुर, मुज़फ्फरनगर, कौशाम्बी, गोरखपुर, सहारनपुर, मैनपुरी, एटा, मुरादाबाद, फतेहपुर, बलिया, हरदोई, सम्भल, बदायूँ, लखनऊ, रामपुर, गाजीपुर, महराजगंज, जालौन, अलीगढ़, बरेली, गाजीपुर, सम्भल, अमेठी, इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र/शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 28.06.19 | शामली | 1 देशी बन्दूक, 4तमंचे, आदि | 01 |
| 26.06.19 | शामली | 4 देशी पिस्तौल, 10 तमंचे,आदि | 01 |
| 25.06.19 | मुज़फ्फरनगर | 2 मस्कट, आदि | 01 |
| 22.06.19 | आजमगढ़ | 8 तमंचे, आदि | 01 |
| 22.06.19 | शामली | 11 तमंचे, आदि | 01 |
| 20.06.19 | हरदोई | 8तमंचे, 2 देशी रायफल, 1 देशी बन्दूक, आदि | 01 |
| 13.06.19 | आजमगढ़ | 1देशी पिस्तौल, 8तमंचे, आदि | 02 |
| 04.06.19 | कन्नौज | 3 देशी बन्दूक, आदि | 03 |

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र संख्या–25/2019 दिनांक 27.06.2019 द्वारा मानसून अवधि के दौरान कच्छा बनियान गिरोह/घुमक्कड़ अपराधियों की आपराधिक गतिविधियों एवं विशिष्ट प्रकार के विभिन्न अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र संख्या–24/2019 दिनांक 19.06.2019 द्वारा भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 द्वारा किये गये संशोधनों के अनुरुप कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र संख्या–23/2019 दिनांक 19.06.2019 द्वारा 12 वर्ष से कम उम्र की बालक/बालिकाओं के साथ घटित दुष्कर्म एवं हत्या की घटनाओं की विवेचना एवं वादों की प्रभावी पैरवी हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश, एवं

4) डीजी–परिपत्र संख्या–22/2019 दिनांक 15.06.2019 द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम से सम्बन्धित अभियोगों की गुणवत्तापरक विवेचना के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने जून 2019 में समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. दिनांक 21.06.2019 : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा सभी अधिकारियों द्वारा नियमित प्रभावी पैदल गश्त, एण्टी रोमियो स्क्वॉड द्वारा यूपी 100 के सहयोग से प्रभावी कार्यवाही, टॉप 10 अभियोगों की मा. न्यायालय में पैरवी कर 4 माह में अपराधियों को सजा के स्तर तक पहुँचाना, भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिस कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही, निलम्बित पुलिस कार्मिकों के व्यवहार सुधार हेतु कॉउन्सलिंग, जुलाई 2019 में छात्राओं के स्कूल/कॉलेज़ में सुरक्षा कैम्पेन के आयोजन, आदि निर्देश एवं
2. ईद–उल–फितर त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, आदि द्वारा निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

● दिनांक 17.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने बागपत की खेकड़ा तहसील में नवनिर्मित फायर स्टेशन तथा पुलिस लाइन में सम्मेलन कक्ष, नवनिर्मित बाल उद्यान, ओपेन जिम के उद्घाटन एवं वृक्षारोपण किया। पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की गोष्ठी में श्री सिंह ने अपराध नियंत्रण, सीसीटीएनएस, 'यूपी कॉप' मोबाइल एप, पुलिस बल के रेस्पांस टाइम में कमी, जनसामान्य/महिलाओं/पत्रकारों के प्रति अच्छा आचरण, महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित कार्यवाही व वैज्ञानिक रुप से साक्ष्य संकलन कर गुणवत्तापूर्ण विवेचना हेतु संवेदित एवं निर्देशित किया।



● दिनांक 15.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने खीरी में नवनिर्मित जेलगेट चौकी, पुलिस कल्याणार्थ एसबीआई की ई–गैलरी एवं शिशु देखभाल केन्द्र का उद्घाटन किया। आर.टी.सी. में जवानों को जनता की सेवा हेतु प्रेरित किया। प्रशासनिक व पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की सामूहिक गोष्ठी में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के सम्बन्ध में शासन की प्राथमिकताओं एवं मंशानुरुप कार्य करने तथा आपसी सामंजस्य, जनता से सद्व्यवहार, जनता से संवाद, अवैध शराब के निष्कर्षण/बिक्री/परिवहन रोकने, विस्फोटक पदार्थ रखने हेतु नियमों का पालन, शस्त्र लाइसेंसों का सत्यापन, शस्त्र लाइसेंसी दुकानों की आकस्मिक चेकिंग, बिना हेलमेट/तीन सवारी/चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट/वाहनों के अभिलेखों की नियमित व रेन्डम चेकिंग, भूमि विवाद, वन माफिया/भू–माफिया चिन्हीकरण, महिलाओं एवं बच्चों सम्बन्धी अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण की कार्ययोजना, इत्यादि पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया।





## विविध

● **प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन :** दिनांक 27.06.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सरदार बल्लभभाई पटेल, नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद के 71 आरआर बैच के, Study cum cultural tour, भारत दर्शन हेतु नामित, 22 प्रशिक्षुओं को पुलिस मुख्यालय में सम्बोधित किया। प्रशिक्षुओं में भारतीय पुलिस सेवा के 15, भूटान पुलिस सेवा का 1, नेपाल पुलिस सेवा के 2 व मॉरीशस पुलिस सेवा के 4 पुलिस अधिकारी सम्मिलित रहे। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने कुम्भ मेला 2019 व लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 में उ.प्र. पुलिस की भूमिका तथा यूपी 100, वूमेन पावर लाइन 1090, एम्बुलेंस एवं फायर सर्विस की सुविधायें एक होने से पुलिस बल के रिस्पांस टाइम में कमी के सम्बन्ध में बताया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यूपी कॉप, आतंकवाद निरोधी गतिविधियों की सफल कार्यप्रणाली, त्रिनेत्र एप, यातायात प्रबन्धन व सोशल मीडिया पर प्रस्तुतीकरण किये।

● **नशा मुक्ति संकल्प :** दिनांक 26.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने ''मादक पदार्थों तथा उसके अवैध परिवहन एवं व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस'' पर पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों/कर्मचारियों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया।

● **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस :** दिनांक 21.06.2019 : वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा, श्रीमती नीलम सिंह एवं एसोसिएशन की सदस्याओं ने पुलिस लाइन, लखनऊ में प्रथमतः आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थित पुलिस परिजनों को योग की महत्ता एवं लाभों से अवगत कराया व सामूहिक योगाभ्यास किया।





● **नेतृत्व :** दिनांक 18.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने, मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. योगी आदित्यनाथ द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन व बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रदत्त निर्देशों के क्रम में, स्वयं दिनांक 13.06.2019 को अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिये। दिनांक 18.06.2019 को प्रातः आरक्षी ओम प्रकाश यादव को बिना हेलमेट वाहन चलाने पर स्वयं ई–चालान किया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने व्यक्तिगत रूप से 50 ई–चालान किये हैं।



● **जन जागरुकता रैली :** दिनांक 16.06.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रातः 0600 बजे सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों व हेलमेट जागरुकता हेतु लखनऊ स्थित 1090 चौराहा–लोहिया पार्क–अम्बेडकर उद्यान चौराहा–ताज होटल–1090 चौराहा–गोल्फ क्लब–बन्दरिया बाग–आरडीएसओ चौराहा– हजरतगंज चौराहा–लालबाग तक आयोजित पुलिस साइकिल रैली का नेतृत्व किया।



● **उद्घाटन/प्रशिक्षण कार्यशाला:** दिनांक 10.06.2019 :
1. श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने थाना विभूतिखण्ड के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।
2. श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक ने वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, लखनऊ में पुलिस अधिकारियों/लेखा संवर्ग हेतु "Financial & Administration Matters" विषय पर 03 चरणों के प्रथम चरण की 03 दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया।





निर्देशन : श्री सुजीत पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर. के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500